पत्रांक 2/एम–24/2020– 445(2)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

अनिल कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार ।

पटना, दिनांक : 01.04.2020

विषयः COVID-19 के मरीजों को चिकित्सा सहायता हेतु सेना से सेवा निवृत स्वास्थ्य कर्मियों से सेवा लेने के संबंध में ।

प्रसंगः स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक Z-28015/14/2020-H-I दिनांक 27.03.2020

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्र के द्वारा सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा COVID-19 से उत्पन्न स्थिति से निपटने हेतु अधिक संख्या में मानव संसाधन की आवश्यकता को देखते हुये सेना से सेवा निवृत स्वास्थ्य कर्मियों, यथा चिकित्सक, नर्स, पारामेडिक्स आदि की सेवाएँ लेने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में निदेशानुसार कहना है कि अपने जिले के जिला सैनिक बोर्ड के माध्यम से सेना से सेवा निवृत स्वास्थ्य कर्मियों, यथा चिकित्सक, नर्स, पारामेडिक्स आदि, जो स्वैच्छिक सेवा देना चाहते हैं, से उनकी सेवा लेने की कृपा की जाय तथा ऐसे ऐच्छिक सेवा प्रदाता की सूची विभाग को भेजी जाय ।

विश्वासभाजन

ह0/–

(अनिल कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः 2/एम–24/2020– 445(2) **/स्वा0, पटना, दिनांक :** 01 / 04 **/2020**

प्रतिलिपिः मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, पटना/कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्राचार्य/अधीक्षक, चिकित्सा महाविधालय अस्पताल, बिहार/सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार/सभी सिविल सर्जन, बिहार/सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/मुख्यालय में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

1.4.2020

सरकार के संयुक्त सचिव

D:\Office_Work_Sourabh\Anil Sir(JS)\COVID-19\S.K.Letter in Hindi-01042020